# कलाकारों ने नृत्य के जरिए सीएम डॉ. यादव का किया स्वागत

## मुख्यमंत्री मोहन यादव खजुराहो पहुंचे, स्वागत में मंत्री, विधायक और शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे

**छतरपुर, 08 दिसम्बर. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देर रात खजुराहो पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया. मुख्यमंत्री सोमवार से दो दिनों तक खजुराहो में प्रवास पर है. यहां उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा की, जबकि कैबिनेट बैठक मंगलवार को आयोजित होगी.**

**इन विभागों की हुई समीक्षा**

- खाद्य, उद्योग, एमएसएमई, राजस्व, नगरीय विकास, तकनीकी शिक्षा, कौशल, जनजातीय, एसई कल्याण, खनिज
- मंगलवार को पीडब्ल्यूडी और पीएचई विभागों की समीक्षा होगी



सोमवार सुबह मुख्यमंत्री का स्वागत करने पहुंचे मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, वन एवं पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार, छतरपुर विधायक ललिता यादव, राजनगर विधायक अरविंद पतरिया, सागर संभाग आयुक्त अनिल सुचारी, डीआईजी विजय खत्री, कलेक्टर पार्थ जायसवाल और एसपी अगम जैन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे.

मुख्यमंत्री आज जिन विभागों की समीक्षा की, उनमें खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण; औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन; एमएसएमई; राजस्व; नगरीय विकास एवं आवास; तकनीकी शिक्षा; कौशल विकास एवं रोजगार; जनजातीय कार्य; अनुसूचित जाति कल्याण तथा खनिज विभाग शामिल हैं. मंगलवार को मुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे. साथ ही मुख्यमंत्री सीसीआईपी बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे. दौरे के दौरान कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा होने की उम्मीद है.

## खाद लेने पहुंचे किसान

**हरपालपुर.** थाना परिसर में एक हजार किसानों ने गांव देहातों से बाइक व पैदल चलकर थाना परिसर में उपस्थिति दी. प्रशासनिक कार्य में अमला पूरी तत्परता से दिखाई दिया. परिसर में राजस्व कर्मियों की कार्य शैली पर किसानों में रोष दिखा. खबर लिखे तक करीब 1400 बोरी टोकन वितरण की जानकारी मिली. स्टाक में 500 बोरी एक टोकन पर एक किसान को एक और दो बोरी वितरण की जानकारी रही.

## युवक फांसी पर लटका मिला पुलिस जांच में जुटी

**छतरपुर, 08 दिसम्बर. छतरपुर नगर के पठापुर रोड क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई. यहां 30 वर्षीय युवक महेश कुशवाहा अपने घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला. परिजनों ने जब उसे इस स्थिति में देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी.**

घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम सुबह लगभग 10 बजे मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया.

फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं. पुलिस ने बताया कि घटना संदिग्ध लग रही है और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है. परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों की भी बारीकी से पड़ताल की जा रही है.

स्थानीय लोगों के अनुसार, महेश कुछ दिनों से तनाव में था या नहीं, इस बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है.

शुरुआती तौर पर पुलिस आत्महत्या मानकर जांच आगे बढ़ा रही है, लेकिन किसी भी अन्य संभावना से इनकार नहीं किया गया है. पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर ही मौत के वास्तविक कारण का खुलासा हो सकेगा. इस घटना से इलाके में दुख और सन्नाटा पसरा हुआ है.

# छात्र-छात्राओं के मध्यान्ह भोजन का कर रहे शोषण

## गंगा स्वसहायता समूह भगौरा द्वारा मैन्यू चार्ट के अनुसार सालों से एमडीएम नहीं





- सप्ताह में चार दिन तक लगातार चावल
- चावल में मिलते कीड़े ,बोलने पर छात्राओं को धमकी

**लवकुशनगर, 8 दिसम्बर. वी आर सी के चंदला संकुल अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला भगौरा तथा माध्यमिक विद्यालय भगौरा में एम डी एम में भारी लापरवाही सामने आ रही है.**

मैन्यू चार्ट के अनुसार मध्यान भोजन नहीं बनाया जा रहा है. सब्जी से आलू टमाटर गायब रहते है. 1 किलो आलू और 500 ग्राम टमाटर पर 60 छात्र छात्राओं के लिए सब्जी बनती है, और सप्ताह में 4 दिन केवल चावल और नाम मात्र की सब्जी मिलती है, जिससे छात्राओं ने खाना खाने से इंकार करती है ,

गंगा स्वसहायता समूह भगौरा के सचिव और अध्यक्ष द्वारा सभी छात्राओं को धमकाया जाता है और माँ और पिता पर सीधे उल्टा सीधा बोला जाता है.

**इनका कहना है कि**

हमारे द्वारा चेक किया गया था पहले भी वी आर सी को शिकायत भेज चुके है, और कार्यवाही हम नहीं कर सकते है वो कार्यवाही करना वी आर सी का है, इनको वी आर सी से नोटिस भी जा चुका है अपनी हरकत नहीं छोड़ रहे समूह वाले क्या करें, फिर जा कर चेक करेंगे .

**फूलचंद्र पटेल सीएसी**, राजकिशोर तिवारी सीएसी चंदला

हम कल जा कर चेक करते है और कार्यवाही जरूर करेंगे पहले भी नोटिस भेजा गया है देखते है उसका जवाब नहीं आया है . हम चेक करके तत्काल कार्यवाही की जाएगी

**राजेश रावत** वी आर सी लवकुशनगर

प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला भगौरा के छात्र छात्राओं द्वारा बताया जा रहा है, कि हमारे यहां छात्र छात्राओं से ही थाली धुलवाई जा रही है. मध्यान भोजन को देखा जाए तो स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्रता दिवस पर ही खीर बनाई जाती है, जिसमें भी खराब चावल से बनाई जाती है जिससे बड़े बड़े कीड़े मिलते है. और अपने प्राचार्य से बोलते है, तो हमारे माँ बाप की बातें कही जाती है.

सप्ताह में लगातार 4 दिन चावल ही बनाया जाता है. खाना खाने में बिल्कुल अच्छा नहीं लगता है. खाना खाने से इंकार भी करते है, तो हमे मारने की धमकी दी जाती है. जबरन खाना खाना पड़ता है जिससे कई बच्चियां बीमार भी पड़ जाती है, कई बार हमें उल्टियां भी हुई है. मैन्यू के अनुसार की बात की जाए तो 1 वर्ष में 2 बार खीर बनाई जाती है. 15 अगस्त और 26 जनवरी को बाकी दिन सब्जी रोटी कभी कभार पराठा और पुड़ी के साथ खराब सब्जी बनती है. और जली हुई रोटियां मिलती हैं,

दाल जो बनती है उसमें भी कीड़े रहते है, कीड़े वाली दाल खाने से मना करने पर दाल बिल्कुल बंद कर दी गई है.

इस मामले में माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला के प्राचार्य से बात की गई बोले हम कई बार सीएसी को आवेदन दे चुके है शिकायत कर चुके है समूह को भी नोटिस दिया है, लेकिन हमारी सुनी ही नहीं जाती है.

## खाद वितरण में पारदर्शी रहे : विधायक ललिता यादव

**छतरपुर.** विधायक ललिता यादव ने सटई रोड स्थित गल्ला मंडी पहुंचकर खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने किसानों को स्वयं टोकन दिए और खाद वितरण की पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा. विधायक ने किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार के पास खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और प्रत्येक किसान को उसकी आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराया जा रहा है. उन्होंने मंडी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कोई भी किसान परेशान न हो और वितरण कार्य सुचारू एवं पारदर्शी तरीके से जारी रहे. किसानों ने भी विधायक के इस निरीक्षण को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे व्यवस्था पर बेहतर नियंत्रण बना है और उन्हें समय पर खाद मिल पा रही है.

**बिना ऑपरेशन निकाला** | डॉक्टर ने 2 मिनट में किया सुरक्षित इलाज

# बच्ची के गले में फंसा था 5 रुपए का सिक्का

**छतरपुर, 08 दिसम्बर. छतरपुर जिला अस्पताल में देर शाम एक बड़ा हादसा टल गया, जब 8 वर्षीय बच्ची शिवांगी साहू के गले में फंसा 5 रुपए का सिक्का डॉक्टर ने बिना ऑपरेशन के बाहर निकाल दिया. बच्ची मुगवारी गांव की रहने वाली है. खेलते समय उसने गलती से सिक्का निगल लिया था, जो आहार नली में फंस गया था. बच्ची लगातार दर्द और घबराहट में थी, साथ ही वह पानी भी नहीं पी पा रही थी. स्थिति बिगड़ती देख परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे.**

ड्यूटी पर मौजूद सर्जन डॉ. मनोज चौधरी ने बिना देरी किए एक विशेष तकनीक अपनाई. उन्होंने रबर ट्यूब (यूरिन लाइन) को नाक के रास्ते आहार नली में पहुंचाया और उसमें हवा भरकर सिक्के को ऊपर की तरफ खिसकाया. सावधानीपूर्वक की गई यह प्रक्रिया सिर्फ 2 मिनट में पूरी हुई और सिक्का सुरक्षित रूप से बाहर निकल आया. बच्ची की जान बचने पर परिवार ने राहत की सांस ली.



**अब तक 416 सिक्के निकाल चुके हैं डॉक्टर:** डॉ. चौधरी ने बताया कि पिछले कई वर्षों में वे इसी तकनीक से अब तक 416 सिक्के निकाल चुके हैं.

खास बात यह है कि वे उपचार का कोई शुल्क नहीं लेते. मरीज का निकाला गया सिक्का ही वे एक परंपरा के रूप में अपने पास रख लेते हैं.

**अभिभावकों को चेतावनी**

डॉ. मनोज चौधरी ने अभिभावकों से अपील की है कि छोटे बच्चों को खेलने के लिए सिक्के कभी न दें. थोड़ी-सी लापरवाही बड़ा खतरा बन सकती है. समय पर इलाज न मिलने पर यह स्थिति जानलेवा भी हो सकती है.


